(c) The case was filed in the Delhi High Court in September 1984 by the petitioner. He has now filed a review petition in the Supreme Court.

Concession given to physically handicapped persons by Air India and Indian Airlines

4156. SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL:
SHRIMATI KAMLA SINHA:
SHRI RANJAN PRASAD YADAV:

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Air India or Indian Airlines are giving concessions in the air fare to physically handicapped persons as is being given by the Indian Railways; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAV RAO SCINDIA): (a) and (b) While Indian Airlines gives concessional airfare to blind persons and stretcher cases, Air India has no such provisions. Air India, however, honours concessional air tickets issued to blind persons by Indian Airlines, on the domestic leg of its flights.

सर्दियों के मौसम के दौरान पर्यटकों के लिए विशेष योजनाएं

4157. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आगामी सर्दियों के मौसम में अधिकाधिक विदेशी पर्यटकों को भारत आने के लिए आकृष्ट करने के लिए कोई विशेष योजना तैयार की की है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और क्या सरकार ने इस संबंध में किसी साहित्य का प्रकाशन किया है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) पर्यटन विभाग सर्दियों के मौसम में विदेशी पर्यटकों के आगमन में वृद्धि करने के लिए भारत का एक आकर्षक पर्यटक गन्तव्य स्थल के रूप में प्रचार कर रहा है तथा ऐसा करते समय हिम क्रीडाओं रोमान्चक पर्यटन, खरीदारी, मेलों और पर्वों, वन्य-जीव, संस्कृति, समुद्रतट पर्यटन आदि पर विशेष जोर दिया जा रहा है । पन्द्रह यात्रा परिपथ/गन्तव्य-स्थल भी गहन विकास/संवर्धन हेतु अभिनिर्धारित किए गए हैं ।

आठवीं योजना के दौरान देश में पर्वतीय क्षेत्रों का विकास

4158. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कौन-कौन से ऐसे पर्वतीय क्षेत्र हैं जहां देशी-विदेशी पर्यटकों का आगमन प्रतिवर्ष पचास हजार से अधिक होता है ;

(ख) क्या सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान ऐसे पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए कोई विशेष कार्यक्रम तैयार किये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) संबंधित आकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।